तापमान

अधिकतम 41.0 डिग्री

न्यूनतम 30. 0 डिग्री

हरिभूमि

# जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, मंगलवार, 13 मई 2025

अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा |जैजैपुर| डभरा | सक्ती

4

मनुष्य के कर्म अनुसार जीवन में मिलता है फल : राजेश्री



बवासीर का आधुनिक इलाज

अत्याधुनिक लेजर मशीन द्वारा भर्ती की आवश्यकता नहीं

मरीज सुबह आकर शाम को घर जा सकता है

स्व. डॉ. सत्यप्रकाश गुप्ता मेमोरियल हॉस्पिटल लायंस चौक, चाम्पा

गुप्ता हॉस्पिटल

डॉ. शुभम् गुप्ता

गुदा रोग विशेषज्ञ

संपर्क करें

7400009183

### अधर में जिला मुख्यालय के जल आवर्धन का काम

# टेंडर निरस्त होने के पांच माह बाद भी नहीं मिली नई मंजूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जिला मुख्यालय में जल आवर्धन का काम सालभर से बंद पड़ा है। पांच माह पहले ठेकेदार का टेंडर निरस्त हो चुका है। आगे के काम के लिए अभी तक नए टेंडर की प्रशासकीय मंजूरी नहीं मिल सकी है। बढ़ती गर्मी के साथ अब जल स्तर गिरने लगा है। ऐसे में नगरवासियो को एक बार फिर से पानी की चिंता सताने लगी है।

जिला मुख्यालय जांजगीर में 35 करोड़ की लागत से वर्ष 2017 में जल आवर्धन का काम शुरू किया गया था। ठेकेदार को कार्य पूर्ण करने के लिए तब दो साल का समय दिया गया था। बाद में कई बार एक्सटेंशन दिया गया, लेकिन 7 साल में महज 60 फीसदी ही काम हो सका है। सालभर पहले योजना का काम बीच में ही बंद कर दिया गया। काम में लेटलतिफी के कारण ठेकेदार का टेंडर पांच माह पहले निरस्त किया जा चुका है। अब आगे के काम के लिए टेंडर की स्वीकृति नहीं हो पाने से कार्य आगे नहीं बढ़ पा रहा है। जल आवर्धन के प्रोजेक्ट में नगर में दो टंकी बननी है, लेकीन वह अधूरी है। वार्डों में पाइप लाइन विस्तार का काम भी अटका हुआ है। नगर पालिका परिषद जांजगीर नैला द्वारा घर-घर पानी पहुंचाने के लिए योजना के तहत काम कराया जा रहा है, लेकिन नगरवासियो को यह योजना किसी सपने से कम नजर नहीं आ रहा। पानी की सप्लाई के लिए लोग टकटकी लगाए बैठे हैं। जिला मुख्यालय जांजगीर में वाटर सप्लाई के नाम पर पानी की तरह पैसा बहाया जा रहा है। एक दशक पहले चाम्पा के हसदेव नदी से पाइप के माध्यम से पानी लाने 6 करोड़ की लागत से काम किया गया था , लेकिन वह प्रोजेक्ट फेल हो गया। इसके बाद पिछले 7 साल से 35 करोड़ की लागत से हसदेव जल आवर्धन योजना का काम किया जा रहा है। जांजगीर और चांपा शहर की दूरी महज 9 किलोमीटर है। चांपा के हसदेव नदी से जिला मुख्यालय में पानी लाना है। इस कवायद में एक दशक से अधिक समय गुजर गया है, और सरकार का करोड़ो रुपए खर्च हो चुका है, लेकिन जनता को लाभ नहीं मिल पा रहा है।



आधी अधूरी पड़ी पानी टंकी।

#### नहर बंद होने के साथ गिरने लगा जल स्तर

जिले के लिए हसदेव बांगो परियोजना की नहर जीवनदायिनी है। नहर से जहां खेतों की सिंचाई होती है, वहीं गर्मी के दिनों में निस्तारी के भी काम आती है। नहर जांजगीर शहर के बीच से होकर गुजरी है। नहर में पानी चलने के कारण शहर का वाटर लेवल भी मेंटेन रहता है। नगर पालिका यहाँ नल के माध्यम से पानी सप्लाई करने में नाकाम है। सालों से हसदेव जल आवर्धन योजना का काम अधूरा पड़ा है। ऐसे में नगरवासियों को पानी के लिए निजी बोर और हैंडपंप का सहारा होता है। नहर में पानी चलने के कारण वाटर लेवल मेंटेन था। नहर बंद होने के साथ ही अब जल स्तर भी गिरने लगा है, जिससे बोर और हेंडपम्प में पानी की धार कम होने लगी है। आने वाले दिनो मे पानी की परेशानी और भी बढ़ सकती है।

#### ठेकेदार को हो चुका 24 करोड़ का भुगतान

हसदेव जल आवर्धन योजना के काम का ठेका नागपुर की कंपनी को मिला था। शुरुआत में सालभर तक काम ठीक ठाक चला, लेकिन उसके बाद कोई न कोई बहाना बनाकर ठेकेदार बीच बीच में काम रोकता रहा। ठेकेदार को 24 करोड़ रुपए का भुगतान भी हो चुका है। लम्बे समय से काम ही बंद है। नगर पालिका प्रशासन ने ठेका निरस्त कर दिया है, और आगे के काम के लिए नया टेंडर करने की तैयारी की जा रही है। स्वीकृति के लिए इस्टीमेट बनाकर भेजा जा चुका है। मंजूरी मिलने के बाद ही योजना का काम आगे बढ़ सकेगा। जांजगीर शहर 25 वार्ड में बंटा है, और आबादी 50 हजार पार कर गई है। जिला बनने के दो दशक बाद भी जांजगीर शहर में नल से पानी सप्लाई की व्यवस्था नहीं हो सकी है। नगर पालिका क्षेत्र जांजगीर नैला में नल से पानी सप्लाई की व्यवस्था नहीं होने के कारण शहरवासी हैंड पंप , कुंआ और निजी बोर से ही अपने पानी की जरूरत पूरी करते हैं। बाकी दिनों में तो काम चल जाता है, लेकिन गर्मी के मौसम में नगरवासियो को पेयजल की किल्लत का सामना करना पड़ता है।

#### स्वीकृति का इंतजार

ठेकेदार द्वारा सही तरीके से काम नहीं करने के कारण टेंडर निरस्त किया जा चुका है। बचे काम के लिए नए टेंडर का स्टीमेंट तैयार कर शासन को भेजा जा चुका है। स्वीकृति मिलते ही प्रक्रिया को आगे बढ़ाया जाएगा।

-प्रहलाद पाण्डेय,
सीएमओ, नपा जांजगीर नैला

## कैप्सूल की चपेट में आकर एलएलबी छात्रा की मौत

### वाहन चालक फरार, तलाश में जुटी पुलिस



घटना स्थल पर शव को उठाती पुलिस।

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

तेज रफ्तार अनियंत्रित कैप्सूल ने स्कूटी सवार एलएलबी की छात्रा को अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में छात्रा की मौके पर ही मौत हो गई। दुर्घटना को अंजाम देकर कैप्सूल वाहन का चालक मौके से फरार हो गया। घटना बम्हनीडीह- बिर्रा मार्ग की है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार बिर्रा में रहने वाली उमा कश्यप एलएलबी की छात्रा थी। वह जांजगीर के टीसीएल कॉलेज में एलएलबी की पढ़ाई कर रही थी। सोमवार को वह अपनी बहन के साथ स्कूटी से जांजगीर के लिए निकली थी। बम्हनीडीह-बिर्रा मार्ग में तेज गति से आ रहे कैप्सूल वाहन ने स्कूटी को अपनी चपेट में ले लिया। कैप्सूल की ठोकर से उमा की बहन दूर जा गिरी। वहीं उमा कैप्सूल के पहिए के नीचे आ गई। हादसे में उमा कश्यप की मौके पर ही मौत हो गई। इधर हादसे को अंजाम देकर दुर्घटनाकारित कैप्सूल का चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने घटना स्थल से कुछ दूर दुर्घटनाकारित कैप्सूल को पकड़ा। कैप्सूल का चालक वाहन छोड़कर वहां से भाग निकला था। पुलिस ने कैप्सूल वाहन को अपने कब्जे में ले लिया है। वहीं फरार कैप्सूल वाहन के खिलाफ अपराध कायम कर उसकी तलाश की जा रही है।

#### हर रोज हो रहे हादसे

जिले में सड़क हादसों पर लगाम नहीं लग पा रहा है। यातायात पुलिस द्वारा चलाए जा रहे जागरूकता अभियान के बावजूद लापरवाही थमने का नाम नहीं ले रही है। भारी वाहन के चालक फर्राटे भरते नजर आ रहे है। तेज रफ्तार वाहनों के कारण लगातार सड़क दुर्घटनाएं हो रही है। हादसों में कई लोग जान गंवा रहे है। वहीं बहुत से लोग घायल भी हो रहे है। ज्यादातर भारी वाहनों की चपेट में आकर मौत हो रही है। भागम भाग के दौर में लोग रफ्तार से वाहन चला रहे है। यातायात नियमों का भी उल्लंघन किया जा रहा है। ऐसे में हादसे लगातार सामने आ रहे है। पिछले कुछ दिनों में ही सड़क हादसों में कई लोगों की जान जा चुकी है।

## खबर संक्षेप

### दक्षिण मुखी मंदिर में हनुमान का बड़ा मंगल आज

**जांजगीर-चांपा।** जेष्ठमास के मंगलवार को बड़ा मंगलवार या बुढवा मंगल के नाम से जाना जाता है। पं किरण कुमार मिश्रा दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर पुजारी जांजगीर ने जानकारी दी की इसवर्ष जेष्ठ मास में पांच बड़ा मंगलवार पडेग़े ज्येष्ठ मास के मंगलवार को बड़ामंगल या बुढवा मंगल कहते है। पहला मंगल 13 मई, दुसरा मंगल 20 मई, तीसरा मंगल 27 मई , चौथा मंगल 3 जून, पांचवां मंगल 10 जुन, को होगें । बजरंगबली को उनका प्रिय भोग रोट चुरमा के प्रसाद के साथ लाल वस्त्र, सिंन्दुर, चोला, चमेली के तेल , फूलमाला, पान का बीड़ा , लौगयुक्त सरसों तेल का एक दीपक अर्पण करना चाहिए। बुढवा मंगल के प्रथम मंगलवार चन्द्रमौलीसिंह के जन्म दिवस पर श्री दक्षिण मुखी हनुमान जी को खीर प्रसाद अर्पण कर शायकाल 5:30 बजे वितरण किया जाएगा बड़ा मंगलवार के अवसर पर श्री दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर जांजगीर में 6:30 बजे हनुमान जी का सेन्दुराभिषेक 7बजे महाआरती, 8 बजे से सामुहिक सुन्दर काण्ड का पाठ हनुमत भक्तजनों के द्वारा किया जाएगा।

### हाट बाजार बिना उपयोग के हो रहा जर्जर

**जांजगीर-चांपा।** नगर पंचायत सारागांव में विकास कार्यों के लिए हर साल करोड़ो रुपये की स्वीकृति मिलती है। जिससे नगर में तमाम निर्माण कार्य हो पाता है। सारागांव नगर का हाट बाजार निर्माण कार्य है। जो छह -सात साल पूर्व बनकर तैयार हो गया है। नगर के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के सामने ही हाट बाजार का निर्माण कराया गया था। जिसे पूर्ण हुए सालों हो गए है। मगर आज तक यहां न तो बाजार लगी है और न ही किसी तरह की कोई दुकानें सजी हैं। नगर में सोमवार एवं शुक्रवार को साप्ताहिक बाजार लगता है। इसके लिए यहां पर्याप्त जगह भी है। उसके बाद भी उक्त हाट बाजार का उपयोग नहीं हो रहा है।

### शोपीस बन गए प्री पेड ऑटो बूथ, कबाड़ में हो रहे तब्दील

**जांजगीर-चांपा।** यात्रियों की सुविधा के लिए खोले गए प्री पेड ऑटो बूथ का संचालन सालभर में ही बंद हो गया है। अब ये ऑटो बूथ महज शो पीस बनकर रह गए हैं। इसके साथ ही आटो बूथ कबाड़ में तब्दील होते जा रहे है। ऐसे में यात्रियों को अधिक किराया देकर ऑटो से सफर करना पड़ रहा है। जिला मुख्यालय जांजगीर के रेलवे स्टेशन और कचहरी चौक में यात्रियों की सुविधा के लिए साल 2018 में प्री पेड ऑटो बूथ खोले गए। इन बूथों के संचालन की जिम्मेदारी यातायात विभाग को दी गई। शुरुआती दौर में कुछ दिनों तक दोनों बूथ में यातायात शाखा के सिपाहियों को तैनात किया गया और बूथ का संचालन भी हुआ, लेकिन समय के साथ यातायात विभाग के नुमाईंदों ने इससे मुँह फेर लिया।

### 20 लीटर अवैध महुआ शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

**जांजगीर-चांपा।** जिले में अवैध शराब बिक्री पर लगाम लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत, बम्हनीडीह पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 20 लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब बरामद की है। गपुलिस ने कपिस्दा निवासी भोलाराम कुर्रे के कब्जे से 20 लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब के साथ रंगे हाथों गिरफ्तार किया। बरामद शराब की कीमत 4000 रुपये आंकी गई है।

## शादी में विवाद, डंडे व राड से पीटकर युवक की हत्या, 3 गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिर्रा

वैवाहिक कार्यक्रम के दौरान हुए विवाद के बाद राड व लाठी से पीटकर ग्रामीण की हत्या कर दी गई। मामले में तीन आरोपियों को बिर्रा पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

**खास बात**

- बिर्रा में चूल माटी कार्यक्रम में हुआ था विवाद



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार सेमरिया में वैवाहिक कार्यक्रम के चूलमाटी के दौरान देवी प्रसाद उर्फ दीवान कश्यप के साथ रामेश्वर कश्यप का विवाद हो गया था। बदला लेने के लिए रामेश्वर ने अपने साथी संजीव कश्यप, दूजराम कश्यप और एक नाबालिग के साथ मिलकर 10 मई को देवी प्रसाद का रास्ता रोककर लाठी और राड से ताबडतोड़ हमला कर दिया। लाठी और राड के वार से देवी प्रसाद गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे जिला चिकित्सालय जांजगीर भेजा गया। प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल से उसे सिम्स बिलासपुर रेफर किया गया। उपचार के दौरान सिम्स में उसकी मौत हो गई। इधर घटना के बाद आरोपी फरार हो गए थे। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर फरार आरोपियों की पतासाजी हेतु तत्काल थाना स्तर से टीम गठित किया गया। पुलिस ने मुख्य आरोपी रामेश्वर कश्यप निवासी सेमरिया थाना बिर्रा को पकड़ा जिसको घटना के संबंध में पूछताछ करने पर अपने साथी आरोपी संजीव कुमार कश्यप उर्फ संजू, दूजराम कस्यप एवं एक विधि विरुद्ध संघर्षरत बालक के साथ मिलकर देवी प्रसाद उर्फ दीवान कश्यप को उसके रास्ता रोककर ताबड़तोड़ हमला करते हुए डण्डा एवं लोहे की रॉड से मारपीट करने की बात कबूल की। पुलिस ने रामेश्वर कश्यप उम्र 21 साल, संजीव कुमार कश्यप उर्फ संजू उम्र 22 साल, दूजराम कश्यप उम्र 40 साल को धारा 296,115 (2) 351 (2) 109, 126 (2), 103 (1).3(5) बीएनएस के तहत गिरफ्तार कर 12 मई को न्यायिक रिमांड पर भेजा। प्रकरण में शामिल एक विधि विरुद्ध संघर्षरत अपचारी बालक की किशोर न्यायालय पेश किया गया। कार्रवाई में कृष्ण पाल सिंह थाना प्रभारी बिर्रा, सउनि तीजराम जांगड़े, प्रधान आरक्षक वेंकट रमन पाटले, संजय उजीर, आरक्षक लक्ष्मीकांत कश्यप, रघुवीर यादव, सनोहर जगत, राजकुमार जोशी, महिला आरक्षक रितु लहरें का योगदान रहा।

### वाहन हो रहे कबाड़...



**जांजगीर-चांपा।** लंबे समय से थानों में पड़े पड़े वाहन कबाड़ में तब्दील हो रहे है। जांजगीर थाने में भी बड़ी संख्या में वाहन कबाड़ हो रहे है। फोटो : हरिभूमि

### कोसमंदा रेलवे फाटक बना लोगों के लिए परेशानी का सबब

**जांजगीर-चांपा।** बलौदा विकासखंड अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत कोसमंदा का रेलवे फाटक आम लोगों के लिए परेशानी का सबब बना हुआ है। रेलवे प्रशासन द्वारा एक ओर जहां समपार फाटक को बंद करके उसके स्थान पर ओवर ब्रिज बनाने पर जोर दिया जा रहा है ताकि लोगों को आवागमन में किसी तरह की परेशानी ना हो वहीं दूसरी ओर बलौदा विकासखंड अंतर्गत आने वाले ग्राम कोसमंदा का रेलवे फाटक आम लोगों के लिए परेशानी का सबब बना हुआ है। ग्राम पंचायत कोसमंदा का रेलवे फाटक आम लोगों के लिए परेशानी का सबब बना हुआ है। हर आधे घंटे में फाटक बंद कर दिया जाता है।

## कपड़ा दुकान से वीडियो कैमरा की चोरी, दो आरोपी चढ़े पुलिस के हत्थे

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

पामगढ़ पुलिस ने कपड़ा दुकान में रखे कैमरा की चोरी करने वाले दो आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।

मिली जानकारी के अनुसार जोरेला (भिलौनी) निवासी निलेश बर्मन एक बैग मे लेकर वीडियोग्राफी व फोटोग्राफी करने सारंगढ जा रहे थे। इस दौरान दोपहर 2:30 बजे कपडा खरीदने के लिये पामगढ़ के कपडा दुकान गये, जहां दुकान अंदर काउंटर के पास अपना कैमरा बैग को रखकर कपडा खरीद रहे थे। कुछ समय के बाद करीब 3.30 बजे वापस आकर देखा तो काउंटर के पास बैग गायब था। रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध थाना पामगढ़ में धारा 331(3), 305 बी.एन.एस. कायम कर जांच में लिया गया था। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि ढाबाडीह निवासी सुनील कुमार खरे व प्रमोद प्रकाश बंजारे चोरी का कैमरा बेचने के फिराक में घुम रहे है। पुलिस ने हिरासत में लेकर पूछताछ की तो दोनों ने जुर्म स्वीकार किया। पुलिस ने कैमरा बरामद करते हुए आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है।

### राहौद और मेंहदी में पहुंची यात्रा ने लोगों को दिया संदेश

## गौ संरक्षण व संवर्धन के लिए निकाली जनजागरण यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राहौद

गौ संरक्षण व संवर्धन के लिए गौ ग्राम जनजागरण यात्रा निकाली गई। राहौद और मेंहदी पहुंची यात्रा के दौरान लोगों को गाय से मिलने वाले लाभ के बारे में अवगत कराते हुए जागरूकता का संदेश दिया गया। छत्तीसगढ़ राज्य गौ सेवा आयोग के मार्गदर्शन में भारतीय कुष्ठ निवारक संघ एवं गौशाला कात्रेनगर चाम्पा के तत्वाधान में गौ-ग्राम जनजागरण यात्रा 2025 का आयोजन किया जा रहा है,जो क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों में पहुंचकर गो-महिमा,ग्रामोत्थान, और आत्मनिर्भर गौ-ग्राम का संदेश फैलाएगी। गौ-ग्राम जनजागरण यात्रा सोमवार को राहौद व मेहंदी पहुंची। बस स्टैंड में एक सभा आयोजित की गई। सभा को संबोधित करते हुए गौ- ग्राम जन जागरण यात्रा के प्रभारी लोमश राम साहू ने बताया कि यह यात्रा 6 दिनों तक गांव-गांव तक गौ माता के संदेश देने का काम करेगी। गौ संवर्धन, गौरक्षण गौ पालन के उद्देश्य से यह यात्रा निकाली गई है। हर घर में गौ पालन हो और गौ माता के मूत्र, गोबर मानव स्वास्थ्य और पर्यावरण प्रकृति के लिए वरदान हो। पुनः संरक्षित एवं सुरक्षित रखने की आवश्यकता है। आने वाले समय में जो धरती रासायनिक खाद से बनी है, जो बनी हुई है, उसका एकमात्र उपाय है गोबर आधारित कृषि जिसमें अमृत फल की प्राप्ति होगी। घर-घर में दूध-दही होने से बच्चों को अमृत दूध पीने का अवसर मिलेगा। यह यात्रा छत्तीसगढ़ शासन के निर्देश एवं छत्तीसगढ़ गौ आयोग के मार्गदर्शन में संचालित हो रही है, जिसका उद्देश्य गौमाता के संरक्षण, संवर्धन और ग्रामीणों में जागरूकता फैलाना है। यह यात्रा 7 मई से प्रारंभ होकर 12 मई तक जिले के विभिन्न ग्रामों और शहरों तक पहुंची। इस यात्रा के दौरान छत्तीसगढ़ गौ-सेवा आयोग के अध्यक्ष विशेसर पटेल स्वयं शामिल हुए हैं। वहीं निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 12 मई सोमवार को गौ-ग्राम जनजागरण यात्रा राहौद मेहंदी पहुंची, जहां पदाधिकारियों ने गाय की महत्ता को जन -जन तक पहुंचाने की अपील करते हुए विस्तृत जानकारी प्रदान की। इस अवसर लोमशराम साहू, रामप्रकाश केसरवानी संयोजक, नवल किशोर तिवारी, देवप्रसाद तिवारी, घनश्याम तिवारी, घनश्याम तिवारी देव प्रसाद तिवारी पुरंन्दन कश्यप, नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि दीपक कश्यप, धीरेंद्र नाथ योगी, डॉ विनोद शर्मा, ज्ञानेश जांगड़े ,धनंजय सिंह ठाकुर , पार्षद अवंतिका गुप्ता, पार्षद अमित अनंत, पार्षद नरसिंग गोंड,पूर्व पार्षद विमल मनहर, पूर्व पार्षद राजकुमार यादव,विकास अग्रवाल, ऋषभ नाथ योगी, सुनील गुप्ता, सतीश पटेल, श्यामू चंद्राकर, कृष्ण मोहन श्रीवास आदि उपस्थित रहे।



जनजागरण यात्रा में शामिल समिति के सदस्य।

## ट्रैक्टर चोरी करने वालों के साथ खरीददार गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

ट्रैक्टर चोरी के मामले में बलौदा पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इस मामले में दो विधि-विरुद्ध संघर्षरत बालकों को भी किशोर न्यायालय में पेश किया गया है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार वेदमणी कटकवार, निवासी बलौदा ने 8 मई को शिकायत दर्ज कराई थी कि 6 मई की रात अज्ञात चोर उसके स्वराज ट्रैक्टर और नीले रंग की ट्राली को चुरा ले गए। पुलिस ने अपराध कदर्ज कर जांच शुरू की। बलौदा पुलिस ने टेक्निकल इनपुट के आधार पर संदिग्ध हरिश धीवर को हिरासत में लिया। पूछताछ में हरिश ने साथियों के साथ मिलकर चोरी करना और ट्राली को रिंकू सिदार को 70 हजार रुपए में बेचने का सौदा करना कबूल किया। पुलिस ने ट्रैक्ट चोरी करने वाले बोड़सरा निवासी हरिश धीवर,अफरीद निवासी देवेन्द्र धीवर उर्फ बाबा राम और ट्रैक्टर खरीदने वाला खपरीडीह निवासी रिंकू सिदार को गिरफ्तार किया है।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

## खबर संक्षेप

### नगर सैनिकों की भर्ती हेतु लिखित परीक्षा 22 जून को

**कोरबा।** होमगार्ड विभाग में 1715 महिला नगर सैनिकों (छात्रावास ड्यूटी) तथा 500 नगर सैनिकों (जनरल ड्यूटी) के रिक्त पदों पर भर्ती हेतु वर्ष 2024 में शारीरिक मापजोख एवं दक्षता परीक्षा 4 संभागीय केद्रों-रायपुर, बिलासपुर, जगदलपुर एवं अंबिकापुर में आयोजित की गई थी। जिसमें पात्र कुल 20 हजार 137 अभ्यर्थियों को लिखित परीक्षा के लिये चयनित किया गया है। चयनित सभी अभ्यर्थियों की सूची विभागीय वेबसाईट पर उपलब्ध है। चयनित सभी अभ्यर्थियों को लिखित परीक्षा हेतु प्रवेश पत्र के लिये छ.ग. व्यापम वेबसाईट के लिंक में जाकर पंजीयन करना अनिवार्य होगा। विभाग द्वारा आबंटित एप्लीकेशन आईडी एवं जन्म तिथि डालकर अभ्यर्थी छ.ग.व्यापम की वेबसाईट पर लिखित परीक्षा हेतु आवेदन करेंगे। व्यापम द्वारा पंजीयन नंबर पर ही लिखित परीक्षा हेतु अभ्यर्थी को प्रवेश पत्र जारी किया जायेगा। जिन पात्र अभ्यर्थी द्वारा छ.ग. व्यापम के वेबसाईट में जाकर पंजीयन एवं आवेदन सबमिट नहीं किया जायेगा वे अभ्यर्थी लिखित परीक्षा से वंचित होंगे। इसकी संपूर्ण जिम्मेदारी अभ्यर्थी की स्वयं की होगी तथा इस संबंध में कोई पत्राचार स्वीकार नहीं होंगे।

### विश्वभर में आज 24 लाख घरों में एक साथ होगा गायत्री महायज्ञ

**कोरबा।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में 12 मई को पूरे विश्व में एक साथ गृहे-गृहे गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया जाएगा। इस महायज्ञ में 24 लाख घरों में एक साथ हवन करने का लक्ष्य रखा गया है। यह आयोजन सुबह 9.30 बजे से दोपहर 12.30 बजे तक होगा। गायत्री परिवार के साधक घर-घर जाकर संपर्क कर अभियान में शामिल होने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। विशेष अवसरों पर एक कुण्डीय गायत्री यज्ञ किया जा रहा है, जबकि सामूहिक रूप से पांच, नौ, चौबीस, इक्यावन और 108 कुण्डीय गायत्री यज्ञ का क्रम भी चल रहा है। जिन घरों में जन्मदिवस, विवाह दिवस, नामकरण, अन्नप्रासन जैसे शुभ अवसर हैं, वहां विशेष रूप से एक कुण्डीय गायत्री यज्ञ किया जा रहा है।

**राजस्व मामले में नोटिस**
**न्यायालय अपर कलेक्टर, जिला सक्ती (छ.ग.)**
पु.प्र.क्र. 20230731070004/3102/ Apl/अ-6/2022-23
ग्राम-निमोही, तहसील-डभरा,
पक्षकार - 1. उमाशंकर पिता घसियाराम उम्र 61 वर्ष 2. भवानी शंकर पिता घसियाराम उम्र 52 वर्ष 3. श्रीमती सेतबाई पिता घसियाराम उम्र 85 वर्ष सभी निवासी निमोही थाना व तहसील डभरा, जिला-सक्ती (छ.ग.) **बनाम** 1. श्रीमती मीना कुमारी उम्र 40 वर्ष पिता घसिया राम कलार निवासी ग्राम कैथा थाना व तहसील जैजैपुर जिला सक्ती (छ.ग.) हाल मुकाम ग्राम निमोही थाना व तहसील डभरा जिला सक्ती (छ.ग.) 2. छ.ग. शासन,
प्रति,
1. श्रीमती मीनाकुमारी उम्र 40 वर्ष पिता घसिया राम कलार निवासी ग्राम कैथा थाना व तहसील जैजैपुर जिला सक्ती (छ.ग.) हाल मुकाम ग्राम निमोही थाना व तहसील डभरा जिला सक्ती (छ.ग.)
आवेदकगण उमाशंकर पिता घसियाराम साकिन निमोही तहसील डभरा जिला सक्ती (छ.ग.) व 02 अन्य में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सक्ती में प्रकरण क्रमांक 20230731070004/अ-6/2022-23 में पारित आदेश दिनांक 13/05/2024 के विरूद्ध पुनरीक्षण प्रस्तुत कर उक्त आदेश को निरस्त करने की मांग की गई है। आपको पक्षकार के रूप में संयोजित किया गया है। आपको इस न्यायालय में दिनांक 22/05/2025 को दिन के 11.00 बजे दावे का उत्तर देने के लिये उपसंजात होने के लिए समन किया जाता है। आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे अधिवक्ता द्वारा उपसंजात हो सकते है। जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद से संबंधित सभी सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सके या जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति हो जो ऐसे सभी प्रश्नों का उत्तर दे सके। न्यायालय में आपकी उपसंजाति के लिए नियत दिनांक 22/05/2025 है वह इस वाद के निपटारे के लिए नियत है। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गई तारिख को इस न्यायालय में उपसंजात नहीं होगे तो वाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जाएगा। आज दिनांक 22/04/2025 को मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की सील मुद्रा लगाकर जारी किया गया।
**अपर कलेक्टर**
**जिला-सक्ती (छ.ग.)**

# क्रेडा को मिला सौर सुजला का लक्ष्य, किसानों के खेतों में लगेंगे सोलर पंप

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

क्रेडा को नए वित्तीय वर्ष के तहत नया लक्ष्य सौर सुलजा के योजना के तहत मिला है। 5 सौ सोलर पंप लगाने का लक्ष्य जो जिले के सभी पांचों विकासखंड में किसानों के खेतों में लगाए जाएंगे। इसके लिए आवेदन की प्रक्रिया शुरु की गई है। पड़त भूमि को उपजाऊ बनाने की दिशा में इसके लिए चयनित किया गया है।

अलग खबर

सौर सुलजा योजना से किसानों के उन खेतों तक पानी पहुंचाने की तैयारी की गई है जहां सिंचाई के साधन नहीं पहुंचे हैं। बारह मासी नाले और मानसूनी बारिश के भरोसे सिंचित होने वाले खेतों को सौर सुलजा योजना से किसानों को नई उम्मीद की किरण जगी है। पूर्व में किसानों के उन खेतों तक सौर सुलजा योजना के पंप लगा करते थे जिनमें पूर्व से ही खेती होती थी। वर्तमान में पड़त भूमि को भी इसमें शामिल किया गया है, जहां कभी किसान खेती नहीं लेते थे। सौर सुलजा योजना से पड़त भूमि की तस्वीर बदलने जा रही है। इसके लिए कृषि विभाग से एक रिकार्ड लिया जाएगा किस किसान के पास कितनी पड़त भूमि मौजूद है और उसमें खेती नहीं हो रही है किसानों को उनकी पड़त भूमि उपजाऊ बनाई जाएगी। फिलहाल 5 सौ सोलर पंप लगाने का लक्ष्य दिया गया है। जिसके लिए क्रेडा विभाग आवेदन देना शुरु कर दिया है। कृषि विभाग ने इसके लिए सहायक कृषि विस्तार अधिकारियों के माध्यम से आवेदन लेने की प्रक्रिया ब्लॉक मुख्यालय में शुरु की गई है।

### सिंचाई का रकबा बढ़ाने शासन की है योजना

**खास बातें**

- किसानों से लिए जा रहे हैं नए आवेदन
- 5 सौ सोलर पंप लगाने का लक्ष्य



### कोरबा और पोड़ी विकासखंड में सर्वाधिक आवेदन

कोरबा और पोड़ी उपरोड़ा विकासखंड में इसके लिए सर्वाधिक आवेदन मिले हैं। विभगा की मानें तो कोरबा और पोड़ी उपरोड़ा विकासखंड पहाड़ी क्षेत्र में है जो असिंचित क्षेत्र में आते हैं। ऐसे क्षेत्रों में किसान डीजल पंप पर ही निर्भर रहते थे जो उनका आर्थिक रुप से भारी पड़ता था। सौर पंप द्वारा किसानों को अब डीजल पंप के उपर निर्भर होना नहीं पड़ेगा।

### दोहरी फसल की तैयारी

सौर सुलजा योजना लागू होने से किसानों में दोहरी फसल लेने का चलन बढ़ा है। जिसके लिए किसानों को प्रशिक्षित भी किया गया है। पूर्व में किसान केवल धान की फसल ही लिया करते थे। अब इस योजना के माध्यम से किसानों को दोहरी फसल लेने की सहायता मिली है। इसमें सरकार के द्वारा सब्सिडी भी दी जा रही है। यह योजना छोटे पैमाने पर खेती करने वाले किसानों के लिए ज्यादा फायदेमंद है। तीन प्रकार के पंप इस योजना के माध्यम से दिए जाते हैं। पहला 2एचपी, दूसरा 3एचपी और तीसरा 5 एचपी सोलर पंप शामिल हैं।

## सुनालिया मार्ग में बसों के परिचालन पर यातायात पुलिस ने पहले ही लगाई थी रोक

# आदेशों को दरकिनार कर शहर के बीचोबीच दौड़ रही बस, 6 बस चालकों पर गिरी गाज


हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

शहर के बीचोंबीच सुनालिया मार्ग से बसों के परिचालन पर पहले ही यातायात पुलिस ने प्रतिबंध लगाया था लेकिन इसके बाद भी बस संचालक अपनी हरकतों से बाज

**खास बात**

- लगातार जाम की स्थिति निर्मित होने से आम जनता को हो रही परेशानी, यातायात पुलिस एक्शन में

नहीं आ रहे थे और लगातार परिवर्तित मार्ग से जाने की बजाय सुनालिया मार्ग से ही बसों का परिचालन कर रहे हैं जिसकी वजह से आए दिन सुनालिया स्कूल पर




जाम की स्थिति निर्मित हो रही है। जिससे आम जनता को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। लगातार पिछले कुछ दिनों से इस तरह की शिकायतें सामने आने पर अब यातायात पुलिस एक्शन में आ चुकी है और 1 दिनों के भीतर ही 6 बस संचालकों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए भारी भरकम जो मन की कार्यवाही की है।

उल्लेखनीय है कि शहर में लगातार वाहनों का दबाव बढ़ता ही जा रहा है। जिसके चलते खासतौर पर शहर के सुनालिया पुल पर सबसे अधिक वाहनों का दबाव है। खासतौर पर शाम के वक्त इस मार्ग में भारी भीड़ उमड़ती है। जिसे देखते हुए पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश पर यातायात पुलिस ने ट्रांसपोर्ट नगर बस स्टैंड से परिचालन करने वाले बस संचालकों को सुनालिया पुल को क्रॉस करके वाहनों का परिचालन न करने का फरमान जारी किया था और उन्हें नया बस स्टैंड से चांपा रोड में जाने के लिए उन्हें राताखार बायपास मार्ग का इस्तेमाल करने के लिए निर्देश जारी किया गया था। पिछले एक महीने से लगातार यातायात पुलिस बस संचालकों को समझाइश दे रही थी और सुनालिया पुल पर न जाने की हिदायत दे रही थी लेकिन इसके बाद भी बस संचालक अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहे थे और राताखार बायपास मार्ग से जाने की बजाय लगातार सुनालिया पुल से ही अपने बसों का परिचालन कर रहे थे जिसकी वजह से इस मार्ग में आए दिन जाम की स्थिति निर्मित हो रही थी इसे देखते हुए पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी ने यातायात पुलिस को सख्त फरमान जारी करते हुए इस मार्ग में चलने वाले बस संचालकों पर एक्शन लेने का फरमान जारी किया था। फिर क्या था यातायात पुलिस एक्शन में उतरी और एक दिन के भीतर ही यातायात पुलिस ने इस मार्ग से गुजरने वाले 6 बस संचालकों के खिलाफ जुर्माने की कार्यवाही की है। यातायात पुलिस की इस कार्रवाई से बस संचालकों में हड़कंप शुरू हो गया है और अब यातायात पुलिस के फरमान का बस संचालकों पर असर पड़ना भी शुरू हो चुका है।

### आखिर यातायात जवानों पर भी क्यों नहीं होती कार्यवाही

शहर की सड़कों पर यातायात व्यवस्था बेहतर ढंग से संचालित होते रहे इसके लिए पुलिस के अधिकारियों पर निर्देश पर शहर के अलग-अलग चौक चौराहों पर यातायात के जवानों को तैनात किया गया है। खासतौर पर शहर में शहर के भीतर बसों का परिचालन ना हो इसके लिए अलग से यातायात के जवानों को सुनालिया चौक व अग्रसेन चौक, नहर मार्ग में जवानों को तैनात किया गया है ताकि चांपा रोड से आने वाले बस को नहर मार्ग राताखार की ओर डायवर्ट किया जा सके लेकिन अक्सर यह देखने को मिलता है कि अग्रसेन चौक में तैनात यातायात जवान ड्यूटी से नदारत रहते हैं जिसका बस संचालक फायदा उठाते हैं और राताखार मार्ग में जाने की बजाय वे सुनालिया मार्ग की ओर मुड़ जाते हैं। जिसकी वजह से जाम की स्थिति निर्मित होती है। यातायात के आला अधिकारियों को भी ऐसे जवान जो अक्सर अपनी ड्यूटी से गायब रहते हैं उनके खिलाफ भी एक्शन लेना चाहिए ताकि शहर के भीतर बस सहित अन्य भारी वाहनों का परिचालन पूरी तरह से रोका जा सके।

# तेंदूपत्ता तोड़ने गई महिला पर भालू ने किया जानलेवा हमला

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



वनांचल क्षेत्र में इन दिनों तेंदूपत्ता तोड़ने का काम तेजी से चल रहा है। आदिवासी परिवार अलसुबह उठकर जंगलों में पहुंचकर तेंदूपत्ता तोड़ रहे हैं लेकिन इस बीच वन्यप्राणी भी बहुत आक्रामक हो गए हैं और लगातार हमले की घटना को अंजाम दे रहे हैं। जहां रविवार की अलसुबह तेंदूपत्ता तोड़ने गई 54 वर्षीय महिला को भालू ने अपना निशाना बनाया है। जहां महिला को मूर्छित अवस्था में उपचार के लिए स्थानीय अस्पताल में दाखिल कराया गया है। मामला कोरबा वनमंडल के बालको वन परिक्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम टापरा निवासी चंद्रावती कंवर 54 वर्ष पति चमार कंवर अलसुबह तेंदूपत्ता तोड़ने के लिए गांव के समीप स्थित जंगल गई हुई थी जहां से वापस लौटने के दौरान उसका सामना जंगली भालू से हो गया। जहां भालू ने महिला पर हमला कर दिया। महिला की चीख पुकार सुनकर वहां आसपास क्षेत्र में मौजूद तेंदू पता तोड़ रहे लोग वहां पहुंचे और किसी तरह भालू को जंगल की ओर खदेड़ा। इसके उपरांत डायल 112 की मदद से महिला को उपचार के लिए स्थानीय अस्पताल में दाखिल कराया गया है।


### जहर खाने से युवक की मौत, मर्ग कायम

**कोरबा।** अज्ञात कारणों के चलते 41 वर्षीय युवक ने जहर सेवन कर मौत को गले लगा लिया है। मामले में पुलिस ने वैधानिक कार्रवाई कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। मामला कटोरा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पूछापारा निवासी बुधवार सिंह टेकाम 40 वर्ष पिता मंगल सिंह टेकाम ने अज्ञात कारणों के चलते जहर सेवन कर लिया था। जब परिजनों को पता चला तो परिजनों ने उसे उपचार के लिए कटघोरा स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में दाखिल कराया था जहां उसकी बिगड़ती हालत को देखते हुए चिकित्सकों ने रेफर कर दिया था। जहां इलाज के दौरान मेडिकल हॉस्पिटल में बुधवार सिंह की मौत हो गई है युवक ने किन कारणों के चलते यह आत्मघाती कदम उठाया है स्पष्ट नहीं हो पाया है। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरु कर दी है।

### मुख्यमंत्री ज्ञान प्रोत्साहन योजना अंतर्गत दावा-आपत्ति 15 तक

**कोरबा।** लोक शिक्षण संचालनालय छ.ग. द्वारा मुख्यमंत्री प्रोत्साहन योजना सत्र 2023-24 अंतर्गत कक्षा 12 वीं अनुसूचित जनजाति वर्ग के विद्यार्थियों के कुल लक्ष्य 336 के विरूद्ध शेष बचे 19 विद्यार्थियों के प्राप्त व सत्यापित आवेदनों की अंतरिम सूची जारी करते हुए दावा आपत्ति 15 मई सायं 5 बजे तक आमंत्रित की गई है। अंतरिम सूची में कोरबा जिले से तीन विद्यार्थी-रजनी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुदुरमाल, हेमा नेताम शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कन्या साडा कोरबा और महिपाल सिंह शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिंघिया है। नियत समयावधि के पश्चात किसी भी दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि विद्यालयों से कोई सूचना प्राप्त नहीं होने पर उपरोक्त विद्यार्थियों को 19 मई को प्रोत्साहन राशि 15 हजार की दर से प्रत्येक छात्र को राज्य कार्यालय द्वारा वितरण की कार्यवाही की जाएगी।

# हाथियों का उत्पात जारी, फिर ढहाया मकान, रौंदी फसल



फाइल फोटो


हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोरबा एवं कटघोरा वनमण्डल में हाथियों का उत्पात लगातार जारी है, जहां कटघोरा के पसान रेंज के बीजाढांढ सर्किल में विचरण कर रहे है। दो लोनर हाथियों में से एक ने केंदई पण्डोंपारा में जेठूराम नामक एक ग्रामीण के मकान को ढहाकर बरदापखना के रास्ते मोहनपुर चला गया। वहीं कोरबा वनमण्डल के गीतकुमारी व चचिया में सक्रिय लोनर हाथियों ने चार ग्रामीणों के खेतों में पहुंचकर वहां लगे धान की रबी फसल को उत्पात मचाते हुए तहस-नहस कर दिया। हाथियों द्वारा उत्पात मचाने की सूचना मिलने पर वन विभाग के अधिकारी व कर्मचारी मौके पर पहुंचकर हाथियों की निगरानी करने के साथ ही नुकसानी के आंकलन में जुट गये है। जानकारी के अनुसार कटघोरा वनमण्डल के केंदई, एतमानगर व पसान रेंज में इन दिनों 48 की संख्या में हाथी सक्रिय है, जिनमें 2 लोनर हाथी पसान के बीजाडांड व मोहनपुर में हैं। जबकि 11 हाथी केंदई रेंज अंतर्गत कोरबी सर्किल तथा 35 हाथी एतमानगर के जंगल में विचरण कर रहे है। बीजाडांड में मौजूद लोनर हाथियों में से 1 ने उत्पात मचाते हुए सर्किल के केंदई पण्डोपारा में 1 ग्रामीण के मकान को ढहा दिया। जिससे पीड़ित ग्रामीण व उसका परिवार बेघर हो गया है। जबकि दूसरा लोनर अभी भी क्षेत्र में है। इधर कोरबा वनवनमण्डल के कुदमुरा रेंज में लोनर हाथी चचिया व गीतकुंवारी में घूम रहे है। इन हाथियों ने बीती रात खेतों में पहुंचकर उत्पात मचाया और दोनों ही स्थानों पर 4 ग्रामीणों के धान की फसल को रौंदकर पूरी तरह तहस-नहस कर दिया, जिससे ग्रामीणों को नुकसान उठाना पड़ा है।

### आवास सर्वेक्षण की समय सीमा 15 तक

**कोरबा।** प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत आवास प्लस 2.0 सर्वेक्षण की समय-सीमा बढ़ाकर 15 मई तक बढ़ा दी गई है। भारत सरकार ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत आवास प्लस 2.0 सर्वेक्षण की समय-सीमा को बढ़ाकर 15 मई तक कर दी गयी है पहले यह सर्वेक्षण 30 अप्रैल तक निर्धारित था।

















# 'एसएसएमबी 29' में नजर आएंगे महेश बाबू

**मुंबई।** महेश बाबू एसएस राजामौली की अगली बहुप्रतीक्षित फिल्म 'एसएसएमबी 29' में नजर आएंगे। मौजूदा वक्त में फिल्म की शूटिंग चल रही है।

हाल ही में फिल्म की शूटिंग हैदराबाद और ओडिशा में हुई थी। अब अगला मेन शेड्यूल हैदराबाद और एक अन्य लोकेशन पर होना तय है। हालांकि, अभी इस लोकेशन की जानकारी सामने नहीं आई है। 'एसएसएमबी 29' में पहली बार महेश बाबू एसएस राजामौली के साथ काम कर रहे हैं। इस फिल्म में महेश बाबू के अलावा पृथ्वीराज सुकुमारन और प्रियंका चोपड़ा भी प्रमुख भूमिकाओं में दिखाई देंगे।

## लाइफStyle

# अदा
## बॉलीवुड से लेकर साउथ तक कमाया नाम

**एजेंसी ▶▶ मुंबई**

बॉलीवुड की कई अभिनेत्रियां ऐसी हैं जो कई कलाओं में माहिर हैं। अदा शर्मा का नाम भी उन्हीं अभिनेत्रियों में आता है। उन्होंने न सिर्फ हिंदी सिनेमा में अपनी अदाकारी से लोगों का मन मोह लिया है, बल्कि उन्होंने साउथ सिनेमा में भी अपनी अदाकारी से छाप छोड़ी है। वह कई तरह की डांस में माहिर हैं।

अदा मार्शल आर्ट भी जानती हैं। कई मौकों पर वह अपनी कला का प्रदर्शन भी करती हैं। अदा शर्मा का जन्म सपनों के शहर मुंबई में 11 मई 1992 को हुआ था। शर्मा का कोई भी फिल्मी बैकग्राउंड नहीं है इसके बावजूद उन्होंने फिल्मी दुनिया में नाम कमाया है। अदा शर्मा के पिता एस एल शर्मा तमिलनाडु से थे। वह भारतीय नैवी में थे। उनकी मां केरल से हैं और क्लासिकल डांसर हैं। कह सकते हैं कि अदा शर्मा की मां डांसर थीं इसलिए अदा का रुझान फिल्मी दुनिया की तरफ हुआ। अदा शर्मा ने अपनी पहली ही फिल्म में कमाल कर दिया था। अपनी पढ़ाई पूरी करने के बाद अदा शर्मा ने साल 2008 में फिल्म '1920' से बॉलीवुड में कदम रखा।

इस हॉरर फिल्म की खूब तारीफ हुई। फिल्म में बेहतरीन काम करने के लिए अदा शर्मा को सर्वश्रेष्ठ डेब्यू अभिनेत्री के लिए फिल्मफेयर अवॉर्ड में नामांकित किया गया। इसके बाद अदा ने 2014 में फिल्म 'हंसी तो फंसी' में अदाकारी की। इसी साल अदा ने तेलुगु फिल्म 'हार्ट अटैक' में बेहतरीन काम किया। साल 2023 में 'द केरल स्टोरी' में उन्होंने मुख्य किरदार निभाया। अदा शर्मा ने अपने करियर में कई फिल्में की हैं लेकिन उन्हें सबसे ज्यादा तारीफ पहली फिल्म '1920' के लिए मिल चुकी है।




## हॉलीवुड मसाला



# गॉडजिला का बन रहा सीक्वल

**लॉस एंजिल्स।** बीते साल 2024 में गॉडजिला और कौंग की भीषण लड़ाई ने सिनेमाघरों में खूब धूम मचाई थी। मॉन्स्टरवर्स की यह छठी फिलम थी और इसने वर्ल्डवाइड 4566.06 करोड़ रुपए का कारोबार किया। यह फिल्म भारत में भी सुपरहिट साबित हुई और 112.54 करोड़ का नेट कलेक्शन किया था। अब मेकर्स ने फ्रेंचाइज की अगली फिल्म की ना सिर्फ घोषणा की है, बल्कि फिल्म के टाइटल 'गॉडजिला और कौंगः सुपरनोवा' के साथ ही 43 सेकेंड का एक टीजर वीडियो भी शेयर कर दिया है।



# क्लो हुई शाहरुख के नेकलेस की दीवानी

**लॉस एंजिल्स।** अमेरिकन टीवी एक्ट्रेस क्लो कार्दशियन ने अपने स्नैपचैट स्टोरी में शाहरुख खान की कुछ तस्वीरें शेयर कर उनकी तारीफ की हैं। उन्होंने किंग खान के बारे में लिखा, 'और निश्चित रूप से मैं '**K**' नेकलेस की फैन हूं।' इसके आगे उन्होंने बताया, 'वह शानदार लग रहे थे, और यह देखना बहुत अच्छा है कि कैसे प्रतिभाशाली डिजाइनर दुनिया भर से अपनी संस्कृति और फैशन के तत्वों को इवेंट की थीम के साथ शामिल करते हैं।' आगे क्लो कार्दशियन ने बताया, 'भारतीय डिजाइनर सब्यसाची मुखर्जी द्वारा तैयार किए गए उनके लुक में भारतीय मेन्सवियर के डिजाइन तत्व शामिल किए गए हैं।' इसके अलावा उन्होंने कहा, 'मुझे किंग खान को मेट गाला में देखकर बहुत अच्छा लगा।



# फर्जी अकाउंट का शिकार हुई कपिला...

**मुंबई।** अभिनेत्री और डिजिटल इंफ्लुएंसर एक बार फिर चर्चा का हिस्सा बन गईं जब उनके नाम से एक फर्जी फेसबुक अकाउंट बन गया। इस फर्जी अकाउंट के जरिए लोगों से पैसे मांगे जा रहे हैं। अब अभिनेत्री ने इस पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए सभी फैंस को इस फ्रॉड से बचने की अपील की है। हम बात कर रहे हैं एक्ट्रेस कुशा कपिला की, जिन्होंने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी के जरिए बताया कि एक फेसबुक पेज उनके नाम और तस्वीर का इस्तेमाल कर रहा है, लेकिन वह उस अकाउंट से जुड़ी नहीं हैं। उन्होंने साफ किया कि उस अकाउंट पर जो भी आपत्तिजनक संदेश भेजे जा रहे हैं या पैसों की मांग की जा रही है, उसका उनसे कोई लेना-देना नहीं है। कुशा के इस फर्जी अकाउंट के बायो में लिखा हुआ है, 'छोटा और बेवकूफ' जिसे पढ़ने के बाद फैंस भी काफी दंग हैं।




# इंग्लिश में भी बनेगी ऑपरेशन सिंदूर

**मुंबई।** बॉलीवुड में कई फिल्ममेकर्स हैं जो इस वक्त ऑपरेशन सिंदूर पर फिल्म बनाना चाहते हैं। इस टाइटल को कई निर्माता ट्रेडमार्क करने की सोच रहे हैं। इसी बीच एक प्रोडक्शन कंपनी ने दावा किया है उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर टाइटल का ट्रेडमार्क करवा लिया है। साथ इन लोगों ने फिल्म 'ऑपरेशन सिंदूर' का एक पोस्टर भी जारी किया। इसी बात को लेकर ये मेकर्स ट्रोल्स भी हुए थे, इन्होंने माफी भी मांगी थी। अब फिल्म से जुड़ा नया अपडेट सामने आया है। निक्की विक्की भगनानी फिल्म्स और द कंटेंट इंजीनियर नाम के एक प्रोडक्शन हाउस ने दावा किया है कि उनके पास कानूनी तौर पर ऑपरेशन सिंदूर का टाइटल है। इसके बाद ही उन्होंने फिल्म का पोस्टर भी जारी किया है। इस फिल्म की कास्टिंग अभी नहीं हुई लेकिन जल्द ही इसके बारे में भी जानकारी प्रोडक्शन हाउस देगा।

## टीवी मसाला



# केवल चार महीने के लिए ही था मेरा किरदार...

**नई दिल्ली।** टीवी अभिनेता मनीष गोयल पिछले कुछ वक्त से टीवी के मशहूर धारावाहिक 'अनुपमा' को लेकर चर्चाओं में बने हुए हैं। ऐसी खबरें चल रही हैं कि सीरियल की मुख्य अभिनेत्री रूपाली गांगुली से मतभेदों के चलते मनीष ने अनुपना शो को छोड़ दिया है। अब चर्चाओं पर अभिनेता मनीष गोयल ने चुप्पी तोड़ते हुए अपनी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने पूरे मामले में क्या सच्चाई है ये बताया है। अभिनेता ने कहा, अनुपमा में राघव के रूप में उनकी भूमिका कभी भी स्थायी नहीं थी और शुरू से ही यह कुछ दिनों के लिए ही बनाई गई थी। मेरा किरदार केवल चार महीने तक चलने वाला था। उसमें से मैंने पहले ही तीन महीने पूरे कर लिए हैं। मनीष ने रोल को लेकर विवाद और शो छोड़ने की अफवाहों को खारिज किया। उन्होंने कहा, जब किसी अभिनेता का कैमियो बढ़ाया जाता है, तो यह उनके लिए बहुत अच्छा काम करता है और यदि ऐसा नहीं होता है, तो भी ठीक है। क्योंकि इसके बारे में आपको पहले से ही बताया जा चुका होता है। मनीष के इस स्पष्टीकरण के बाद यह साफ है कि शो में अचानक कोई बदलाव या विवाद नहीं हुआ है। न ही उनके किरदार को किसी विवाद के चलते हटाया गया। यह पहले से ही निर्धारित था। जिसके कारण उनके चरित्र को समाप्त कर दिया गया। रूपाली गांगुली के साथ झगड़े की अफवाहों को खारिज करते हुए मनीष ने कहा, रूपाली और मेरी पहचान आज की नहीं है। मैं उन्हें तब से जानता हूं जब मैं मुंबई आया था।

# पापा कहते थे 'वेश्या', बॉयफ्रेंड ने दिया था प्यार में धोखा

**नई दिल्ली।** शाइनी दोशी ने कई टीवी सीरियल में काम किया है। साल 2012 में वह मुंबई आई थीं और उन्हें पहला शो संजय लीला भंसाली का 'सरस्वतीचंद्र' मिला था। हालांकि, उनको एक्टिंग नहीं आती थी। क्योंकि उन्होंने सीखा ही नहीं था। उन्होंने सिद्धार्थ कन्नन को दिए इंटरव्यू में बताया कि वह एक्टिंग में किन्हीं कारणों से आई थीं। और, वह वजह ये थी कि उनके पापा ने उन्हें छोड़ दिया था। और एक्ट्रेस को अपनी स्कूल-कॉलेज की फीस खुद ही भरनी थी। कोई सम्भालने वाला नहीं था। उन्होंने ये भी बताया कि उनके पापा उन्हें 'वेश्या' कहते थे। उनके एक्स बॉयफ्रेंड ने भी उनको कई बार धोखा दिया था। शाइनी ने बताया कि उन्होंने कई ऑडिशन्स दिए थे और फिर उनको जाकर अपना पहला शो मिला था। उन्होंने बताया कि जब उनके मम्मी-पापा अलग हुए तो पापा के साइड की फैमिली ने उनसे रिश्ते तोड़ दिए थे।



# किसी पागल औरत के लिए वो कभी नहीं छोड़ेंगे : सुनीता

**मुंबई।** किसी पागल औरत के लिए वो कभी नहीं छोड़ेंगे, क्योंकि हम एक दूसरे के बिना बिल्कुल नहीं रह सकते। मुझे पूरा यकीन है कि भगवान मेरे घर को टूटने नहीं देंगे। यह कहना है बॉलीवुड एक्टर गोविंदा की पत्नी सुनीता आहूजा का, जिन्होंने तलाक की अफवाहों का अब सच बताया है। सुनीता ने डिवोर्स की खबरों पर अब खुद सामने आकर विराम लगा दिया है। एक इंटरव्यू में सुनीता ने अपनी जिंदगी से जुड़े कई पहलुओं के बारे में बताया। इस दौरान जब उनसे पिछले काफी समय से उड़ रहीं तलाक की अफवाहों के बारे में पूछा गया तो उन्होंने बेबाकी से अपनी बात रखी और साफ शब्दों में कहा कि उनके और गोविंदा के बीच ऐसा कुछ नहीं हो रहा है। उन्होंने कहा, 'अगर कभी ऐसा कुछ होता भी है, तो सबसे पहले मैं या गोविंदा खुद मीडिया को बताएंगे। मुझे समझ नहीं आता कि लोग बिना पुष्टि किए अफवाहों पर विश्वास क्यों कर लेते हैं।' आगे बात करते हुए सुनीता ने कहा, 'मैं और गोविंदा एक-दूसरे के बिना नहीं रह सकते। गोविंदा कभी भी अपने परिवार को छोड़ने का फैसला नहीं कर सकते और न ही वो किसी 'पागल औरत' के लिए ऐसा करेंगे।' उनका यह बयान सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है और फैंस की अलग-अलग प्रतिक्रिया देखने को मिल रही है।



# *निरूपा रॉय से लेकर इन अभिनेत्रियों तक ने निभाए सबसे ज्यादा मां के रोल, बड़े पर्दे पर दिखाई ममता*

***नई दिल्ली।** 'तू कितनी अच्छी है, तू कितनी भोली है, प्यारी-प्यारी है, ओ मां, ओ मां' मां को समर्पित 'राजा और रंक' फिल्म का ये गीत बॉलीवुड के यादगारों गीतों में से एक है। आज मदर्स डे के मौके पर ये गीत आपको कई लोगों के व्हाट्सएप स्टेटस और इंस्टाग्राम स्टोरी में सुनने को मिल जाएगा। हर किसी के जीवन में मां का किरदार सबसे अहम होता है। बॉलीवुड में भी कई ऐसी अभिनेत्रियां हैं, जिन्होंने पर्दे पर मां के किरदार को जीवंत किया है। कुछ अभिनेत्रियों ने तो एक नहीं बल्की कई फिल्मों में मां की भूमिका निभाई है।*

***निरूपा रॉय*** : 'मेरे पास मां है', अमिताभ बच्चन-शशि कपूर की 'दीवार' फिल्म का ये डायलॉग जिस मां के लिए बोला गया है वो कोई और नहीं बल्कि अभिनेत्री निरूपा रॉय हैं। हिंदी फिल्मों में मां पर बात हो और निरूपा रॉय का जिक्र न हो, ऐसा तो हो ही नहीं सकता। निरूपा रॉय ने दीवार, दो बीघा जमीन, अमर-अकबर-एंथोनी, सुहाग, मुकद्दर का सिकंदर और मर्द जैसी कई यादगार फिल्मों में मां का किरदार निभाया है। निरूपा रॉय ने अपने करियर में अमिताभ बच्चन और शशि कपूर से लेकर धर्मेंद्र और देवानंद सरीखे कई स्टार्स की मां का किरदार निभाया है। ऐसा कहा जाता है कि निरूपा रॉय ने अपने करियर में लगभग 200 फिल्मों में मां की भूमिका निभाई है। इसीलिए उन्हें बॉलीवुड की मां कहा जाता है।



**दुर्गा खोटे** : बॉलीवुड की ऐतिहासिक फिल्म 'मुगल ए आजम' में दिलीप कुमार के किरदार सलीम की मां का रोल तो आपको याद ही होगा। इस किरदार को निभाया था अभिनेत्री दुर्गा खोटे ने। अपने लगभग पांच दशक लंबे करियर में दुर्गा खोटे ने अधिकतर फिल्मों में मां का किरदार निभाया है। वो दिलीप कुमार से लेकर अमिताभ बच्चन और ऋषि कपूर तक की मां की भूमिका में नजर आ चुकी हैं। उन्होंने नमक हराम, गोपी, इंसानियत, कर्ज, दौलत के दुश्मन और मुगल-ए-आजम जैसी फिल्मों में मां का किरदार निभाया है।



**ललिता पवार** : मां के कई रूप होते हैं। कभी वो ममता से भरी होती है, तो कभी उसमें एक सख्ती देखने को मिलती। ललिता पवार बॉलीवुड में दूसरे किस्म की मां के रूप में अधिक मशहूर हुईं। अपने सात दशक लंबे करियर में तकरीबन 700 से अधिक फिल्मों में काम करने के बाद ललिता पवार को प्रसिद्धि क्रूर सास और मां के किरदारों से ही मिली। उन्होंने ' अनारकल , परवरिश, अनाड़ी, जिस देश में गंगा बहती है और दुश्मन जैसी कई फिल्मों में मां का यादगार किरदार निभाया है।



**दीना पाठक** : दीना पाठक ने बॉलीवुड में कई यादगार मां के किरदार निभाए हैं। उन्हें बॉलीवुड में मां और मौसी के किरदारों के लिए जाना जाता है। अपने करियर में 120 से अधिक फिल्मों में काम करने वाली दीना पाठक ने गोलमा, खूबसूरत, भवानी भवई, मिर्च मसाला, तमस, इजाजत, बॉलीवुड/हॉलीवुड और पिंजर जैसी कई फिल्मों में मां की यादगार भूमिका निभाई है।



## कई सेलेब्स ने सोशल मीडिया के जरिए अपनी मां को किया याद

# अनिल- सनी देओल समेत इन सेलेब्स ने किया मां को याद

*मुंबई। रविवार को मदर्स डे के खास मौके पर करीना कपूर, अनिल कपूर से लेकर सनी देओल तक कई सेलेब्स सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए अपनी मां को याद किया या उनके प्रति अपना प्यार जताए। करीना कपूर और दीया मिर्जा ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर मदर्स डे के मौके पर प्यारी सी पोस्ट साझा की है। अपनी पोस्ट के जरिए वह मां होने के अहसास और ताकत के बारे में बता रही हैं। करीना और दीया के अलावा अंकिता लोखंडे ने भी मदर्स डे पर एक वीडियो साझा किया है, जिसमें वह मां के साथ गुजारे प्यारे पलों को शेयर कर रही हैं। इनके अलावा कई और एक्टर्स भी मदर्स डे पर सोशल मीडिया पर पोस्ट की है।*

### करीना ने मां की ताकत के बारे में बताया

करीना कपूर ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक पोस्ट शेयर किया, जिसमें मां की स्ट्रेंथ क्या होती है, इस बारे में लिखा है। करीना की पोस्ट में लिखा है कि एक मां हर दर्द को सहन करते हुए, बिना ब्रेक लिए अपने बच्चे की परवरिश करती है। वह ऐसा इसलिए कर पाती है क्योंकि उसका प्यार अपने बच्चे के लिए सच्चा होता है।

### दीया ने नेचर से जोड़कर कही अपनी फीलिंग्स

दीया मिर्जा ने भी एक पोस्ट मदर्स डे पर किया है। इस पोस्ट में मदर्स डे विश किया गया है। मदर नेचर से जोड़कर दीया ने यह पोस्ट साझा की है। मदर नेचर कैसे हमने और हम उससे जुड़े रहते हैं, यही इस पोस्ट में लिखा है।



**अल्लू अर्जुन** : अभिनेता अल्लू अर्जुन ने भी मां के साथ तस्वीरें शेयर की हैं। साथ ही अपनी पत्नी और मां की साथ में कुछ तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं। इसके अलावा सभी मांओं को मदर्स डे की शुभकामनाएं दी हैं।

### आपका प्यार मेरे लिए सबसे बड़ा उपहार है

सनी देओल ने अपनी मां प्रकाश कौर को मदर्स डे पर शुभकामनाएं देते हुए सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर की है, जिसमें उन्होंने मां के साथ कई तस्वीरों की एक स्लाइड शेयर कीं और साथ ही एक इमोशनल नोट भी लिखा, जो अब सोशल मीडिया पर फैंस के बीच चर्चा का विषय बन चुका है। सनी देओल ने आज इंस्टाग्राम पर अपनी मां प्रकाश के साथ कई तस्वीरों की एक मूविंग स्लाइड शेयर की है। इन बेहतरीन और शानदार तस्वीरों की स्लाइड के साथ सनी ने कैप्शन में लिखा, 'उस महिला के लिए जिसने मुझे बिना कुछ मांगे सब कुछ दिया - आपका प्यार मेरे लिए सबसे बड़ा उपहार है। मदर्स डे की शुभकामनाएं, मां।' सनी की इस पोस्ट पर गदर अभिनेत्री अमीषा पटेल ने कमेंट में दिल वाले इमोजी बनाए हैं।



### अनिल और बोनी कपूर ने मां को किया याद

हाल ही में बोनी और अनिल कपूर की मां निर्मला कपूर का निधन हुआ है। दोनों ही भाइयों ने मदर्स डे पर पोस्ट की और अपनी मां को याद किया। बोनी लिखते हैं, 'आपको अलविदा कहना सबसे मुश्किल था।'



**रकुल प्रीत** : रकुल प्रीत ने भी अपनी मां और सास के साथ तस्वीर इंस्टाग्राम पर साझा की है। इसमें रकुल लिखती हैं कि वह लकी जो एक नहीं दो मांएं मिलीं। साथ ही वह फैंस को भी मदर्स डे विश करती हैं।

**नीतू कपूर** : नीत कपूर ने अपनी बेटी रिद्धिमा और बहू आलिया की तस्वीरें साझा करते हुए मदर्स डे पर सबको विश किया है।



## खबर संक्षेप

### बैठक में खाद-बीज के अग्रिम उठाव कराने दिए गए निर्देश



**जांजगीर-चांपा।** उप संचालक कृषि के निर्देश पर शाखा प्रबंधक भूपेन्द्र सिंह ने विकासखंड अकलतरा के ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी एवं समिति प्रबंधक की संयुक्त बैठक ली। बैठक में उन्होंने समिति में भंडारित खाद-बीज का अग्रिम उठाव एवं डीएपी के विकल्प के रूप में एसएसपी का उपयोग एवं केसीसी बनाएं जाने की समीक्षा की। साथ ही अधिक से अधिक खाद एवं बीज के अग्रिम उठाव करवाने के निर्देश सभी को दिया।

### अंत्यावसायी सहकारी वित्त एवं विकास निगम देगा सिलाई प्रशिक्षण




**मालखरौदा।** छ.ग. राज्य अंत्यावसायी सहकारी वित्त एवं विकास निगम, नवा रायपुर द्वारा अनुसूचित जाति (एससी वर्ग) के हितग्राहियों हेतु कौशल विकास प्रशिक्षण ट्रेड सेल्फ एम्प्लायड टेलर (सिलाई) का प्रशिक्षण प्रारंभ किया जाना है। अधिक जानकारी हेतु आप पुलिस थाना के सामने मालखरौदा जिला अंत्यावसायी प्रशिक्षण केन्द्र, कार्यालय प्रशिक्षिका श्रीमती भारती लहरे से संपर्क करके आवेदन प्राप्त कर सकते है।

### बारहवीं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्रा पायल का सम्मान

**चांपा।** पायल डडसेना एक दृष्टिबाधित दिव्यांग हैं। हाल ही में घोषित कक्षा बारहवीं के परीक्षा परिणाम में उन्होंने 75 प्रतिशत अंक अर्जित कर अपने परिवार, ग्राम वासियों एवं गुरुजनों को ना केवल गौरवान्वित किया अपितु दिव्यांगों हेतु एक उदाहरण प्रस्तुत कर दिया है।



करनौद निवासी पायल के पिता शिवशंकर डडसेना कृषक हैं और माता श्रीमती अंजुलता डडसेना गृहणी हैं। सच्ची लगन और दृढ़ इच्छा शक्ति हो तो दिव्यांग होने के बाद भी लक्ष्य नामुमकिन नहीं है। पायल की इस सफलता पर सक्षम जिला जांजगीर चांपा के कला आयाम प्रमुख सुश्री छाया डडसेना एवं श्री फुटबॉल डडसेना द्वारा मोमेंटो भेंट कर उनका सम्मान किया गया एवं उनके उज्ज्वल भविष्य हेतु शुभकामना व्यक्त किया गया। पायल ने बताया कि उनकी प्राथमिक और मिडिल की शिक्षा सरस्वती शिशु मंदिर पूर्व माध्यमिक विद्यालय करनौद हाइस्कूल की पढ़ाई हायर सेकेंडरी स्कूल पोडी शंकर से की है दसवीं में 57% अंक आए थे।12 वी की पढ़ाई इंडियन पब्लिक स्कूल पौड़ीशंकर से की और 75 प्रतिशत अंकों के साथ परीक्षा उत्तीर्ण हुई। उन्होंने बताया कि आगे वो कला संकाय में स्नातक और स्नातकोत्तर स्तर की पढ़ाई करना चाहती हैं। आगे चलकर वो शिक्षक बनकर समाज सेवा में अपना योगदान देना चाहती हैं। इस संस्था के जिला कार्यकारिणी अध्यक्ष सुश्री अनुराधा राठौर, उपाध्यक्ष डॉक्टर कमल किशोर कौशिक सचिव डॉक्टर संतोष सोनी, कोषाध्यक्ष गणेश सराफ संरक्षक अनिल सोनी, प्रदीप कुमार स्वर्णकार एवं समस्त कार्यकारिणी सदस्यों ने पायल को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

### खेलो इंडिया यूथ गेम में आयुष ने जीता ब्रांज मेडल

**जांजगीर चांपा।** जिला मल्लखम्ब एसोसिएशन जांजगीर-चाम्पा के तीन खिलाड़ियों बालक वर्ग में आयुष सिंह सिदार वहीं बालिका वर्ग में शिक्षा दिनकर, डिम्पी सिंह ने भाग लिया, जिसमें आयुष को टीम चैम्पियनशीप में अपने श्रेष्ट प्रदर्शन के आधार पर ब्रांज मेडल प्राप्त हुआ।



ज्ञात हो खेलो इंडिया यूथ गेम का सातवां संस्करण बिहार के बोधगया में 04 मई से 15 मई तक आयोजित रहा, जहां 28 प्रकार के खेल विधाओं में देश भर के 24 राज्य के 224 खिलाड़ियों ने भाग लेकर अपने खेल का लोहा मनवाया। कोच पुष्कर दिनकर, प्रभात कुमार जांगड़े और अकलेश नारंग ने बताया कि ये खिलाड़ी 19 मई से शुरू हो रहे खेलों इंडिया बीच गेम दमन दीव में अपना जौहार दिखाएंगे।

## निधन

### चंद्रिका प्रसाद वर्मा

**जांजगीर चांपा।** पुरानी बस्ती जांजगीर निवासी वरिष्ठ अधिवक्ता चंद्रिका प्रसाद वर्मा का रविवार 11 मई को निधन हो गया। वे 68 वर्ष के थे। वे अपने पीछे पत्नी व दो पुत्रों का भरा पूरा परिवार छोड़ गए है। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। उनके अंतिम यात्रा में स्वजन और नगरवासी बड़ी संख्या में शामिल हुए। वे शासकीय टीसीएल कालेज जांजगीर के सेवानिवृत प्राचार्य डॉ. अंबिका प्रसाद वर्मा के बड़े भाई थे।



रोजगार के नाम पर होने वाली ठगी से बचने दी गई जानकारी

# रोजगार मेले में 150 से अधिक ने लिया भाग, 100 का अलग-अलग ट्रेड में चयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

श्री ऋषभ प्राइवेट आईटीआई, श्री ऋषभ विद्योदय महा विद्यालय तथा वेदांता स्किल स्कूल के द्वारा बनाहिल अकलतरा में सभी ट्रेनिंग तथा छात्र-छात्रों के विकास के लिए रोजगार मेला का आयोजन श्री ऋषभ विद्योदय महा विद्यालय के चेयरमैन डॉक्टर जे.के. जैन के मुख्य आतिथ्य एवं सचिव अंकित जैन, महाविद्यालय के प्राचार्या डॉ. शिखा ,आईटीआई प्र.प्राचार्य नवीन आदित्य की उपस्थिति में किया गया ।

रोजगार मेले में 150 से भी अधिक छात्रों ने भाग लिया लिया तथा 100 से अधिक छात्रों का अगल अलग ट्रेड में चयन किया गया। कार्यक्रम इलेक्ट्रीशियन, फिटर, मोबाइल रिपेयरिंग,सोलर, वेल्डिंग ,होटल मैनेजमेंट,सिलाई मशीन आदि ट्रेडो पर छात्र छात्राओं को रोजगार के लिए अवसर प्रदान किया। वेदांता कोरबा बालको के पुनिराम साहू , शरणदास, हुसैन, रागनी डहरिया द्वारा कार्यक्रम का संचालन किया गया। संचालकों ने बताया कि रोजगार प्राप्त करने से पहले सभी को 45 दिन की ट्रेनिंग दिया जाता है जिसमे हॉस्टल ,खाना , तथा मेडिकल सुविधा निःशुल्क प्रदान किया जाता है । 45 दिन की ट्रेनिंग पूरा होने के बाद सभी ट्रेनी को 100 प्रतिशत प्लेसमेंट प्रदान किया जाता है। अदानी, डिक्सन टेक्नोलॉजीज लिमिटेड, मारुति सुजुकी, टेक्समो ,होंडा ,आईशर ,जेबीएमआदि कंपनियों में प्लेसमेंट दिया जाएगा । डॉ. जे.के. जैन ने रोजगार मेला के फायदे बताते हुए सभी बच्चों को प्रेरित हुए बताया गया की आईटीआई ट्रेनिंग पूरा होने के बाद भी रोजगार मिलने में होने वाली परेशानी, रोजगार के नाम पर होने वाली ठगी से बचने किए रोजगार कैंप ही सबसे सही और आसान रास्ते है जिससे हम रोजगार प्राप्त करते है । श्री ऋषभ आईटीआई व श्री ऋषभ विद्योदय महाविद्यालय के स्टाफ गढ़ संतोष ध्रुव ,डॉक्टर राकेश सोनी, दुर्गा टंडन ,पूनम साहू ,साक्षी मैम, अनुज जैन ,कमल कांत ,प्रशिक्षण अधिकारी प्रभात कुमार कश्यप ,चंद्र रूप कश्यप ,पुष्पेंद्र कुर्रे विद्या जायसवाल ,मालविका कश्यप कमलेश कुमार भगत, आईटीआई कर्मचारी बृजनंदन पटेल दुवास राम राजेश आकाश गोलू एवं महाविद्यालय के कर्मचारी उपस्थित थे।



उपस्थित कॉलेज स्टाफ व अन्य।



रोजगार मेलो में शामिल छात्र-छात्राएं।

# भूफोड़ लिंगेश्वर महादेव में हर सोमवार को हो रही विशेष पूजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ तुस्मा

नवागढ़ विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत तुस्मा के ज्योदगीर मोहल्ला में स्थित भूफोड़ लिंगेश्वर महादेव मंदिर आस्था और श्रद्धा का प्रमुख केंद्र बन चुका है। इस प्राचीन शिवधाम में हर सोमवार को विशेष पूजा-अर्चना और रुद्राभिषेक का आयोजन किया जाता है, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु दूर-दराज से पहुंचकर भोलेनाथ का दर्शन कर पुण्य लाभ अर्जित करते हैं।



- सुबह से ही लग जाती है श्रद्धालुओं की भीड़, भक्तगण जल, दूध, बेलपत्र धतूरा से करते हैं अभिषेक

भू फो ड़ लिंगेश्वर महादेव मंदिर की विशेषता इसका प्राकृतिक रूप से उभरा हुआ शिवलिंग है, जिसे लेकर भक्तों में यह मान्यता है कि यह शिवलिंग स्वयं भू प्राकृतिक रूप से उत्पन्न है और इसकी उत्पत्ति की कोई स्पष्ट ऐतिहासिक जानकारी नहीं है। यह शिवलिंग भूमि को फोड़कर निकला प्रतीत होता है। इसी कारण इसे भूफोड़ लिंगेश्वर नाम से जाना जाता है। श्रद्धालुओं का मानना है कि यहां सच्चे मन से की गई प्रार्थना शिवजी अवश्य सुनते हैं। विशेष रूप से सोमवार के दिन यहां पूजा करने से सभी कष्ट दूर होते हैं, विवाह में आ रही बाधाएं समाप्त होती हैं और मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। यही कारण है कि सोमवार को यहां सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ लग जाती है। सोमवार को भक्तगण जल, दूध, बेलपत्र धतूरा, भस्म और शुद्ध घी आदि से शिवलिंग का अभिषेक किया। मंदिर परिसर घंटियों की गूंज और ॐ नमः शिवाय के जयकारों से गूंज उठा। यहां मंदिर समिति और स्थानीय ग्रामीणों की ओर से प्रसाद व्यवस्था की जाती है, जिसमें युवाओं और महिलाओं की भी सक्रिय भागीदारी रहती है। अनेक श्रद्धालु यहां सोमवार व्रत रखते हुए पूजा में भाग लेते हैं और रात को शिव कीर्तन और भजन संध्या का आयोजन भी किया जाता है। पंचायत और ग्रामीणों की ओर से समय-समय पर मंदिर परिसर का विकास भी किया जा जाता है। हाल ही में मंदिर के आस-पास सीसीटीवी कैमरा लगाए गए हैं। साथ ही भूगोड लिंगेश्वर महादेव मंदिर के सामने में ही मोहल्ला वाशियो द्वारा हनुमान मंदिर की निर्माण भी किया गया है।

## स्वामी आत्मानंद स्कूल का परीक्षा परिणाम रहा शत प्रतिशत

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय अकलतरा का कक्षा दसवीं में शत प्रतिशत परीक्षा परिणाम के साथ रोशनी जोगी पिता श्री पर्वतराज जोगी माता श्रीमती अंजू जोगी ने 97.33 अंक के साथ नगर में प्रथम स्थान प्राप्त किया एवं शाला का नाम रोशन किया।

गौरतलब है कि रोशनी जोगी मात्र आधे अंक से टॉप 10 में स्थान हासिल करने से चूक गई। रोशनी ने सामाजिक विज्ञान में 100/100 अंक , अंग्रेजी में 99/100,गणित एवं विज्ञान में 98/100अंक हासिल किया । इसी प्रकार कु.प्रांजल रत्नाकर पिता लाखन सिंह रत्नाकर माता श्रीमती पूर्णिमा रत्नाकर 96.5 प्रतिशत अंक अर्जित कर दूसरे स्थान पर रही एवं कु प्रगति सिंह पिता स्व. अरविंद सिंह माता श्रीमती दिव्या सिंह 93.17 प्रतिशत के साथ तीसरे स्थान पर रही । कक्षा बारहवीं का परिणाम भी उत्कृष्ट रहा। कक्षा 12वीं में कु भावना देवांगन पिता घनश्याम देवांगन माता श्रीमती पुष्पा देवांगन ने 88.6 प्रतिशत अंक के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया, कु खुशी चांदवानी संतोष कुमार चांदवानी माता श्रीमती काजल 86.5 प्रतिशत के साथ दूसरे स्थान पर रही ,इसी प्रकार अनुराग सिंह पिता विजय सिंह माता श्रीमती शीला सिंह ने 84.6%प्रतिशत अंक के साथ तीसरा स्थान प्राप्त किया।छात्रों ने अपनी सफलता का श्रेय अपने शिक्षकों, माता पिता एवं प्राचार्य को दिया।प्राचार्या श्रीमती गीता सिंह ने उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम के लिए छात्रों एवं शिक्षकों को शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## मनुष्य के कर्म अनुसार जीवन में मिलता है फल : राजेश्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

महामंडलेश्वर राजेश्री महन्त रामसुन्दर दास महाराज शनिवार 10 मई को एक दिवसीय जांजगीर चांपा जिला प्रवास के दौरान अनेक कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। उन्होंने

- अनेक कार्यक्रम में सम्मिलित हुए महामंडलेश्वर

ग्राम नवागांव (झूलन पकरिया) विकासखंड अकलतरा पहुंच कर साहू परिवार के द्वारा आयोजित संगीतमयी श्री राम कथा में कथा का रसपान किया।

आयोजक परिवार के द्वारा बहुत ही आत्मियता पूर्वक उनका स्वागत किया गया। उन्होंने व्यास पीठ की पूजा अर्चना की एवं आचार्य का शाल, श्रीफल से सम्मान किया। आचार्य जी ने भी अभिवादन करके आशीर्वाद प्राप्त की। इस अवसर पर अपना आशीर्वचन प्रदान करते हुए राजेश्री महन्त ने कहा कि -ग्राम नवागांव में साहू परिवार के द्वारा अपने परिजनों के मोक्षार्थ यह कार्यक्रम आयोजित किया गया है भगवान रघुनाथ जी से प्रार्थना है कि सभी दिवंगत दिव्य आत्माओं को मोक्ष प्रदान करें। उन्होंने कहा कि गोस्वामी तुलसीदास महाराज ने श्रीरामचरितमानस में लिखा है कि- करम प्रधान विश्व रचि राखा, जो जस करहिं सो तस फल चाखा। अर्थात इस संसार में जो मनुष्य जैसा कर्म करता है उसके अनुसार उसे फल की भी प्राप्ति होती है। मुखिया के संदर्भ में उन्होंने कहा की मुखिया को मुख के समान होना चाहिए जो खट्टे, मीठे, तीखे सभी पदार्थ को खाता तो स्वयं है लेकिन किस अंग को कितने रस की आवश्यकता है इसका निर्धारण वह विवेक पूर्वक करता है । व्यास पीठ पर विराजित आचार्य दिनेश गोस्वामी ने कहा कि- बसंत जहां आती है वहां प्रकृति खिल जाती है और संत जहां आते हैं वहां संस्कृति मुस्कुराती है। उल्लेखनीय है कि अपने एकदिवसीय प्रवास के दौरान राजेश्री महन्त विभिन्न कार्यक्रमों में सम्मिलित हुए। इस कार्यक्रम में उनके साथ कमलेश सिंह, सुशांत सिंह, हर प्रसाद साहू, मीडिया प्रभारी निर्मल दास वैष्णव तथा कृष्णकांत सिंग सार्वा ,रज्जाक खान, भूषण ठेठवार, वरुण कहरा, सुशील साहू, शशिकांत सिंह, राकेश जी, मनोज मित्तल, राजेंद्र देवांगन सहित अनेक गणमान्य नागरिक गण सम्मिलित हुए।



उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित करते राजेश्री महंत रामसुंदर दास।

### हाई स्कूल बोर्ड परीक्षा के टॉप 10 में स्थान पाने पर किया सम्मान

**देवरी सारागांव।** ग्राम कुम्हारीकला ( बाराद्वार) की होनहार छात्रा कु. पायल राज ने हाई स्कूल बोर्ड परीक्षा 2025 में राज्य स्तर पर टॉप 10 में 98 .33 प्रतिशत हासिल कर छठवें स्थान प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। पायल राज जय सिंह राज और सीता बाई की सुपुत्री हैं।



पायल की इस सफलता पर साहू हेल्पलाइन के संरक्षक अशोक साहू ने उन्हें मिठाई और उपहार भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर अशोक साहू ने पायल की मेहनत, लगन और अनुशासन की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे विद्यार्थी समाज और राष्ट्र के उज्ज्वल भविष्य की नींव होते हैं। उन्होंने पायल को आशीर्वाद देते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। सम्मान समारोह में क्षेत्र के कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे, जिनमें बुधराम बरेठ, घनश्याम बरेठ, कीर्तन कश्यप, प्रवीण बरेठ, नारायण गवेल शामिल थे। सभी ने पायल की इस सफलता को प्रेरणास्त्रोत बताते हुए युवाओं को उनसे सीख लेने की सलाह दी। पायल की यह उपलब्धि न केवल उसके परिवार के लिए गर्व का विषय है, बल्कि समूचे गांव और जिले के लिए भी गौरवपूर्ण क्षण है। यह सम्मान समारोह समाज में शिक्षा के प्रति जागरूकता और प्रेरणा का स्त्रोत बना।

## अठोरिया यादव समाज का शपथ ग्रहण समारोह

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुलमुला

छत्तीसगढ़ अठोरिया यादव समाज एक सफल और मजबूत संगठन बनें। हमारा उद्देश्य सभी लक्ष्यों को प्राप्त करना है जो हमनें आज तक बनाया है। उक्त उद्गार छत्तीसगढ़ अठोरिया यादव समाज के प्रदेश अध्यक्ष जवाहर यादव ने समाज के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों के शपथ ग्रहण समारोह के अवसर पर व्यक्त किये। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि आपने मुझे जो जिम्मेदारी दी है उसका बिना किसी भय, स्वार्थ, राग द्वेष के पूरा करुंगा यह मेरा आप सभी से वायदा है। हम यह सुनिश्चित करेंगे कि समाज के सभी सदस्य समान रूप से लाभान्वित हों और समाज में उनकी भागीदारी सुनिश्चित हो।

साथ ही समाज की समस्त गतिविधियों को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। हम सब को समाज के संविधान के तहत मिलकर एक साथ काम करने की आवश्यकता है तभी एक मजबूत समाज की स्थापना हो पाएगी। इस अवसर पर नवनिर्वाचित पदाधिकारी उपाध्यक्ष- शिवशंकर यादव, सचिव रमेश यादव, सहसचिव रामकुमार यादव, कोषाध्यक्ष पुनाऊ राम यादव, कार्यकारिणी सदस्य अर्जुन यादव, अश्वनी यादव के साथ छत्तीसगढ़ अठोरिया यादव समाज के महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती किरण यादव ने भी पद एवं गोपनीयता की शपथ ली। संरक्षक श्री गणेशराम यादव सीपत, खोलबहरा यादव कोरबा, रामबिलास यादव रसौटा, पंचूराम यादव भांठापारा, बहादुर यादव पड़रिया, तेरस यादव पामगढ़, संयोजक, सीताराम यादव पड़रिया, अशोक यादव बिलासपुर, गनपत यादव झलमला, रविशंकर यादव मेऊ, सलाहकार काशीराम यादव मोहभट्ठा, ईतवारी यादव झलमला, बद्री यादव भिलौनी, रामचंद यादव भुईगांव, चन्दराम यादव बारगांव, सहित यादव समाज के सदस्य व पदाधिकारी उपस्थित थे।



शपथ ग्रहण समारोह में उपस्थित अतिथि।

### लाईफ कैरियर पब्लिक का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट

**तनौद।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा हाई स्कूल का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया है। इसमें लाईफ कैरियर पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। सृष्टि जोशी 87.6 प्रतिशत, शुभम साहू 83.3 प्रतिशत, दिव्या साहू 76.6 प्रतिशत, प्रियांशु कर्ष 70.5 प्रतिशत, आशीष चौहान 69. 7 प्रतिशत एवं दिव्या केवट ने 69.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर संस्था को गौरवान्वित किया है। अन्य कक्षाओं का भी परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। संस्था के प्राचार्य आर पी श्रीवास ने अच्छे परीक्षा परिणाम का श्रेय विद्यार्थियों की कड़ी परिश्रम तथा शिक्षक शिक्षिकाओं का मेहनत पालकों का सहयोग एवं संस्था की अध्यापन व्यवस्था को दिया है।




विधानसभा अध्यक्ष डॉ.रमन सिंह को सम्मान करते राजपूत क्षत्रीय समाज के लोग।

## खोखरा मोड़ में होगी महाराणा प्रताप की प्रतिमा स्थापित

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

कवर्धा एवं नवागढ़ बेमेतरा में राष्ट्रनायक महाराणा प्रताप की मूर्ति अनावरण समारोह एवं जयंती समारोह के मुख्य अतिथि विधान सभा अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह का सम्मान जांजगीर राजपूत क्षत्रिय प्रतिनिधियों ने किया।

- राजपूत क्षत्रिय समाज के प्रतिनिधि मंडल ने किया विधानसभा अध्यक्ष का सम्मान

इस अवसर पर छग विधानसभा के अध्यक्ष डॉ रमन सिंह ने जिला मुख्यालय जांजगीर में मुख्यमंत्री घोषणा के प्रतिपालन में स्थापित होने वाले महाराणा प्रताप प्रतिमा के विषय में गंभीरता से जानकारी लेते हुए चर्चा किया एवं कहा की जांजगीर-चांपा जिले वासियों की भावनाओं के अनुरूप अतिशीघ्र ही महाराणा प्रताप की गौरव गरिमा के अनुरूप राष्ट्रीय स्मारक स्वरूप प्रदान करते हुए छत्तीसगढ़ शासन द्वारा जिला प्रशासन द्वारा चयनित स्थल पर विशाल आदमकद प्रतिमा स्थापना किया जाएगा। ज्ञात हो कि तत्कालीन मुख्यमंत्री के रूप में 25 जून 2018 को डॉ रमन सिंह द्वारा जिला मुख्यालय जांजगीर में राष्ट्रनायक महाराणा प्रताप की प्रतिमा स्थापित करने की घोषणा की गई थी जिसके प्रतिपालन में सामान्य प्रशासन विभाग छत्तीसगढ़ शासन द्वारा 10 लाख रुपए की राशि कलेक्टर जांजगीर चांपा को प्रदान किया गया। प्रतिमा स्थापना हेतु जिला प्रशासन द्वारा खोखरा मोड जांजगीर में प्रतिमा स्थापना अधिनियम के तहत समस्त वैधानिक अर्हताओं को पूरा करते हुए 5000 वर्ग फीट भूमि चयनित कर आरक्षित कर लिया गया है। आदमकद मूर्ति हेतु छत्तीसगढ़ शासन द्वारा राशि कलेक्टर को प्रदान किया जाएगा। इस अवसर पर वरिष्ठ विधायक ठाकुर धर्मजीत सिंह ने प्रतिनिधित्व करते हुए जांजगीर राजपूत क्षत्रिय प्रतिनिधि ठाकुर देवेश कुमार सिंह, पवन सिंह चंदेल, मदन सिंह राणा, तेंदुवा सरपंच अरविंद सिंह, हेमंत सिंह एवं आशीष सिंह का प्रतिनिधित्व किया।

संस्कार भारती का प्रांत स्तरीय शास्त्रीय संगीत कार्यशाला

# संगीत से होता है मानवता का उत्थान: साहू

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिर्रा

संस्कार भारती जिला इकाई सक्ती द्वारा 10 से 14 मई आयोजित प्रान्त स्तरीय शास्त्रीय संगीत कार्यशाला का शुभारंभ 10 मई को सुबह 10 बजे हुआ। उद्‌घाटन अवसर पर अतिथि के रूप में योगेश्वर साहू विभाग प्रचारक कोरबा,पं. योगेश शर्मा विभाग सामाजिक सद्भाव प्रमुख, सरोज पटेल विभाग कृषिकार्य, विनोद चंद्रवंशी जिला प्रचारक, दिनेश चंद्रा संचालक,डीपीएस बिर्रा, मनोज दास प्राचार्य डीपीएस रहे।

प्रशिक्षक के रूप में किशन देवांगन बी हाई ग्रेड आर्टिस्ट एवं दीपक दास महंत ए ग्रेड आर्टिस्ट रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां वीणावादिनी सरस्वती एवं भगवान नटराज के तैल चित्र पर पूजा अर्चना कर किया गया। मंत्रोच्चार पं. प्रवीण तिवारी द्वारा किया गया। तपश्चात सरस्वती वंदना एवं संस्कार भारती के ध्येयगीत सांध्यति संस्कार भारती का गायन के आर कश्यप द्वारा किया गया। तबला संगत लक्ष्मीनारायण व बांसुरी संगत सन्तराम बर्मन द्वारा किया गया। समस्त अतिथियों का स्वागत शाल व मंगल तिलक से किया गया। उद्बोधन के क्रम में योगेश्वर साहू ने कहा कि संगीत से ही मानवता का उत्थान सम्भव है। संगीत की सत्कार की जननी है। पं. योगेश शर्मा ने कहा कि संस्कार भारती कला एवं साहित्य का ही नहीं बल्कि कला,साहित्य व संस्कार तीनों का त्रिवेणी संगम है। सरोज पटेल ने कहा कि संस्कार भारती कला एवं साहित्य के उत्थान के लिए कार्य कर रहा है जो सराहनीय है। दिनेश चंद्रा ने कहा कि संगीत एक ऐसा विषय जिसकी कोई उपमा नही है, वो अनंत है , वो शाश्वत है। मनोज दास ने कहा कि अपने भावों को व्यक्त करने का सर्वश्रेष्ठ माध्यम संगीत ही है। विनोद चंद्रवंशी ने कहा वो संगीत भी है जिसके संघोष से शत्रु सेना का हृदय विहल उठता है और संगीत में वह शक्ति भी है कि वह पाषाण हृदय को पिघला सकता है। मनोज दास ने कहा संगीत एक ऐसी कला है जो एक कला ही नहीं बल्कि एक ओषधि है। आभार प्रदर्शन रामेश्वर केंवट प्रांतीय मंत्री द्वारा किया गया। इस अवसर पर कृष्णोलाल साहू, प्रह्लाद पटेल, सौखिलाल पटेल एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।




कार्यक्रम में मंचस्थ अतिथि।